राजस्थान पत्रिका, पृष्ठ नं: 02, दिनांक: 06-07-2023

बीआरटीएस के चार रूट कल रहेंगे बंद, पांच रूटों में आंशिक बदलाव

आज और कल कालूपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रैफिक संभव, मेट्रो से करें सफर

रथयात्रा के चलते कई मार्ग पर ट्रैफिक डायवर्ट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

अहमदाबाद. शहर में रविवार को भगवान जगन्नाथ की 147वीं रथयात्रा निकलने वाली है। उसके लिए रथयात्रा रूट पर रिहर्सल की जा रही है साथ ही कई मार्ग पर ट्रैफिक डायवर्ट किया गया है तो कई मार्ग कुछ समय के लिए बंद भी करने की घोषणा की गई है। ऐसे में शनिवार और रविवार को कालूपुर रेलवे स्टेशन जाने वाले यात्रियों को स्टेशन तक जाने में परेशानी हो सकती है। ट्रैफिक का सामना करना पड़ सकता है। इसे देखते हुए अहमदाबाद शहर यातायात पुलिस ने यात्रियों को अपने वाहन, एएमटीएस, बीआरटीएस बसों की जगह मेट्रो ट्रेन के जरिए स्टेशन जाने की सलाह दी है।

रथयात्रा को देखते हुए बीआरटीएस बस सेवा भी प्रभावित रहेगी। रथयात्रा के दिन बीआरटीएस के चार रूटों को बंद करने की घोषणा की है, जबकि पांच रूटों में आंशिक बदलाव किया गया है। नौ रूटों की बस सेवा आम दिनों की तरह यथावत रहेंगी। 32 स्टेंड व केबिन का काम (ऑपरेशन) भी बंद रहेगा।

रथयात्रा रूट के 32 बस स्टेंड रहेंगे बंदरथयात्रा के मद्देनजर बीआरटीएस बसों के 32 बस स्टेंड व केबिन का ऑपरेशन बंद रहेगा। इनमें सिविल अस्पताल, दिल्ली दरवाजा, प्रेम दरवाजा, कालूपुर घी बाजार, कालूपुर रेलवे स्टेशन, सारंगपुर दरवाजा, कर्णमुक्तेश्वर, रायपुर दरवाजा, आस्टोडिया दरवाजा,आस्टोडिया चकला, एएमसी ऑफिस, रायखड़ चार रास्ता, लोकमान्य तिलकबाग, एम.जे. लायब्रेरी, लॉगार्डन, वसुंधरा सोसाइटी, जीसीएस हॉस्पिटल, अरविंद मिल, जिनिंग प्रेस, अशोक मिल, नरोडा फ्रूट मार्केट, मेम्को क्रॉस रोड, मनपा की उत्तर जोन ऑफिस बस स्टेंड, सैजपुर टावर, नरोडा एसटी स्टेंड वर्कशोप केबिन, गीता मंदिर, भूलाभाई पार्क, मंगलपार्क, पटेल मिल, रखियाल चार रास्ता, नारायणा हॉस्पिटल तथा सोमा टेक्सटाइल स्टेंड पर ऑपरेशन बंद रखे जाएंगे।

आरटीओ रूट रहेगा बंद

बीआरटीएस पबंधन के अनुसार नरोडा गांव से इस्कॉन चार रास्ता रूट संख्या 08, सिविल अस्पताल कालूपुर शटल रूट संख्या 18, आरटीओ सर्कुलर रूट संख्या 101 तथा आरटीओ एंटी सर्कुलर रूट संख्या 201 को बंद रखा जाएगा।

भाडज- झुंडाल से लिथो प्रेस तक ही दौड़ेगी बस

पांच रूटों की बसों को कुछ परिवर्तन कर चलाया जाएगा। ओढव एसपी रिंग रोड से भाड़ज तक चलने वाली रूट संख्या 02 की बस को रविवार को भाडज सर्कल से सरकारी लिथो प्रेस केबिन तक ही दौड़ाया जाएगा। झुंडाल सर्कल से नारोल तक दौडने वाली रूट संख्या 07 की बस को झुंडाल सर्कल से सरकारी लिथो प्रेस केबिन तक (वाया विश्वकर्मा इंजिनियरिंग कॉलेज होकर) चलाया जाएगा। मणिनगर से गोता वसंतनगर टाउनशिप तक चलने वाली रूट संख्या 09 की बस को गोता वसंतनगर टाउनशिप से एलडी इंजीनियरिंग कॉलेज तक दौड़ाया जाएगा। नरोडा गाम से साणंद सर्कल तक चलने वाली रूट संख्या 14 को साणंद सर्कल से दाणीलीमडा चार रास्ता तक दौड़ाया जाएगा। एसपी रिंग रोड से एलडी कॉलेज तक चलने वाली रूट संख्या 11 की बस को ओढव एसपी रिंग रोड से अजीत मिल चार रास्ता तक चलाया जाएगा।